राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त–द्वितीय, मानसरोवर, जयपुर

क्रमांक :–   दिनांक :–

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **कार्यालय आवासीय अभियन्ता खण्ड–नवम्, कावेरी पथ, मानसरोवर, जयपुर में दिनांक 09.02.2015 को प्रातः 11.00 बजे,** वी.टी. रोड, मानसरोवर के निर्मिती केन्द्र में उपलब्ध अनुपयोगी/नकारा सामान, आवासों में लगने वाला सामान यथा लकडी के दरवाजे, लोहे की खिडकियां/ दरवाजे व अन्य सामान ''जहां है जैसा है'' की स्थिति में, नीलामी समिति के समक्ष नीलाम किया जायेगा। जिनकी आरक्षित लागत राशि रूपये 3.32 लाख है। अतः बोली लगाने वाली इच्छूक फर्म/व्यक्ति निर्धारित समय एवं दिनाक को आवासीय अभियन्ता, खण्ड–नवम् के कार्यालय में उपस्थित होकर धरोहर राशि रूपये 6700/– (अक्षरे छः हजार सात सौ रूपये मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे–आर्डर जो **आवासीय अभियन्ता, खण्ड– नवम्, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर** के पक्ष में देय हो जमा कराकर नीलामी में भाग ले सकते है। उपलब्ध सामान का निरीक्षण किसी भी कार्यालय दिवस एवं समय में उपस्थित होकर किया जा सकता है।

नीलामी की मुख्य शर्ते निम्न प्रकार होंगी :– 1. बोली 1000/– रूपये गुणांक में लगाई जायेगी। 2. नीलामी की समाप्ति के 24 घण्टे के अन्दर सम्पूर्ण राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा कार्यालय **आवासीय अभियन्ता, खण्ड–नवम्, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर** में जमा करनी होगी। 3. नीलामी में सफल फर्म/व्यक्ति को सामान 72 घण्टे में उठाना होगा। अन्यथा जमा राशि जब्त कर ली जायेगी।

सम्पर्क सूत्र : आवासीय अभियन्ता,
खण्ड–नवम्, कावेरी पथ, मानसरोवर
जयपुर 0141–2392532

उप आवासन आयुक्त
वृत्त द्वितीय, मानसरोवर
जयपुर।

unserviceable items